सेंट ऑस्टिन सी. सैकंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते 27 पदक

नवज्योति/जोधपुर।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सेंट ऑस्टिन विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 27 पदक जीते।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रविंद्रसिंह एवं मंजू राठौड़ ने बताया कि विद्यार्थियों का सेपक टेकरा, स्विमिंग, हैंडबॉल छात्र व छात्रा में कुल 12 विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ। जिला स्तरीय सेपक टेकरा छात्र टीम ने गोल्ड मेडल एवं ट्रॉफी प्राप्त की और स्विमिंग प्रतियोगिता में छात्रा पलक ने 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इसी क्रम में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में धर्मेंद्र, निकिता एवं दीक्षिता चौधरी ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल हासिल किए। 27 सितंबर को समाप्त हुई 68वीं जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सिद्धार्थ सोनी व वर्षा सांखला ने 48 किलोग्राम व 60 किग्रा भार उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रबंधक भूपेश कच्छवाह और प्रधानाचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उन्हें राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।